दिन—शुक्रवार                                                                 दिनांक— 16 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।                                                       अवधि— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा — सरकार राष्ट्र को मजबूत बनाने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा — अगले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करेगी।

03. आईएमए ने कोलकाता में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में कल देशभर में चौबीस घंटे हड़ताल की घोषणा की।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार राष्ट्र को मजबूत बनाने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने के इरादे से सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

जीवन में बदलाव लाने के लिए रिफार्म का मार्ग हमने चुना और मैं देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूँ। रिफॉर्म के प्रति हमारी जो प्रतिबद्धता है, वह पिंक पेपर के एडिटोरियल के लिए सीमित नहीं है। हमारे रिफॉर्म की यह प्रतिबद्धता है, वो चार दिन की वाहवाही के लिए नहीं है। हमारी रिफॉर्म की प्रक्रिया किसी मजबूरी में नहीं है। देश को मजबूती देने के इरादे से है।

श्री मोदी ने देश में वर्तमान नागरिक संहिता को भेदभावपूर्ण बताया और कहा कि इसके स्थान पर  धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता होनी चाहिए।

———बाईट———

जो कानून धर्म के आधार पर देश को बांटते हो, जो ऊंच—नीच का कारण बन जाते हैं ऐसे कानूनों को आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता है और इसलिए मैं तो कहूंगा अभी समय की मांग है की देश में एक सेक्युलर सिविल कोड हो। हमने कम्युनल सिविल कोड में 75 साल बिताए हैं। अभी हमें सेक्युलर सिविल कोर्ट की तरफ जाना होगा और तब जाकर के देश में धर्म के आधार पर जो भेदभाव हो रहे हैं सामान्य नागरिक को जो दूरी महसूस होती है उससे हमें मुक्ति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने आपराधिक कानूनों में सुधार किये हैं। इसका उद्देश्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना और न्याय उन्मुख दृष्किोण अपनाना है।

———बाईट———

सदियों से हमारे पास जो क्रिमिनल लॉ थे आज हमने उसको नए न्याय संहिता के रूप में और जिसके मूल में तंग नहीं नागरिक को न्याय भाव को हमने प्रबल बनाया है। ईज ऑफ लीविंग बनाने के लिए देशव्यापी मिशन पर काम कर रहे हैं। हर लेवल पर मैं सरकार के प्रतिनिधियों का आह्ववाहन करता हूँ।

श्री मोदी ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश की जरूरत है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सरकार की इस प्रतिबद्धता को समर्थन देने की अपील की।

———बाईट———

हर काम को चुनाव के रंग से रंग दिया गया है और इसलिए देश में व्यापक चर्चा हुई है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं। एक कमेटी ने अपना बहुत बढिया अपना रिपोर्ट तैयार किया है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले में तिरंगे के साक्षी देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूँ। संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूँ कि भारत की प्रगति के लिए भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग जन सामान्य के लिए वन नेशन वन इलेक्शन के सपनों को साकार करने के लिए हमें आगे आना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के प्रति हिंसा और अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की।

———बाईट———

हमारी माताओं, बहनों बेटियों के प्रति जो अत्याचार हो रहे हैं। उसके प्रति देश का आक्रोश है जिसको देश को, समाज को हमारे राज्य सरकारों को गंभीरता से लेना होगा। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जल्द से जल्द जांच हो, राक्षसी कृत्य करने वालों को जल्दी से जल्दी कडी सजा हो, ये समाज में विश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करेगी। साथ ही दस लाख और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। अब सरकारी विद्यालयों में बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की

गयी है। साथ ही नियोजित शिक्षकों को भी राज्यकर्मी का दर्जा देने का प्रावधान किया गया है।

———बाईट———

---

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो आज अपने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल — एस एस एल वी से अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट का प्रक्षेपण करेगा। प्रक्षेपण की प्रक्रिया अब से थोड़ी देर बाद नौ बजकर सत्रह मिनट पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुरू होगी। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

---

भारतीय चिकित्सा संघ ने कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या तथा उसके बाद हुई तोड़फोड़ के विरोध में कल सुबह छह बजे से चौबीस घंटे के लिए देश भर में गैर—आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। आईएमए ने एक बयान में कहा है कि आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी तथा आपातकालीन वार्ड चालू रहेंगे। आईएमए ने बताया कि सभी बाह्य रोगी विभाग—ओपीडी बंद रहेंगे तथा वैकल्पिक सर्जरी नहीं की जाएगी। आईएमए की राज्य शाखाओं के साथ बैठक के बाद गैर—आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को देश भर में बंद रखने का आह्वान किया गया। आईएमए ने कोलकाता के अस्पताल में हुई तोड़फोड़ की निंदा की है।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली, एनपीएसएस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एनपीएसएस के माध्यम से किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों से अपनी फसलों का बचाव कर सकेंगे।

---बाईट---

इस अवसर पर श्री चौहान ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों से भी बातचीत की।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पश्चिम हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है।

---

पूर्व विधायक अनंत सिंह आज बेऊर जेल से रिहा हो गये। पटना हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अनंत सिंह को एके सैंतालीस राईफल और बुलेट प्रूफ जैकेट मिलने के मामले में बरी कर दिया था।

---

पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मझार गांव में प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, शिवहर जिले के पिपराही प्रखंड अंतर्गत बागमती नदी के डुब्बाघाट पर डूबने से एक किशोर की मौत हो गयी।

---

अररिया जिले के बरदाहा थाना क्षेत्र के सिकटी स्थित भारत-नेपाल सीमा से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार राष्ट्र को मजबूत बनाने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – अगले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार बारह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान करेगी।

03. आईएमए ने कोलकाता में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में कल देशभर में चौबीस घंटे हड़ताल की घोषणा की।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।